हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 शिक्षा से होता है व्यक्तित्व व नैतिक मूल्यों का विकास





12 धीमी गति से निपटाए जा रहे राजस्व के प्रकरण...





B.M. COLLEGE

BCA BBA

PGDCA B.Ed.

आई.टी.आई.

▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन

▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर

▸डीजल मैकेनिक

▸फायर टेक्नालॉजी

▸स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

9303893829, 9300850065

नोट - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अंतिम तिथि - 29/06/24


## रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर नारायणपुर के पास बीच हुई भीषण दुर्घटना

# ट्रेलर से टक्कर के बाद कंटेनर में होता रहा धमाका, एक-एक कर फटते रहे टायर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट

आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी लोगों की लापरवाही थम नहीं रही है। एक ओर जहां सड़कों पर वाहन लापरवाही पूर्वक खड़े कर दिए जाते हैं, वहीं तेजरफ्तार वाहन पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण भी आए दिन हादसे हो रहे हैं। ऐसी ही लापरवाही का खामियाजा दोपहिया वाहन लेकर जा रहे कंटेनर के चालक-परिचालक को भुगतना पड़ा। ट्रेलर से भिड़ंत के बाद कंटेनर में आग लग गई, जिससे चालक-परिचालक दोनों जिंदा जल गए।

घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर नारायणपुर के पास बीच हुई, जब सड़क पर दो वाहनों में टक्कर के बाद एक में आग लग गई। घटना में एक वाहन में सवार चालक-परिचालक जिंदा जल गए। मिली जानकारी के अनुसार खड़ी ट्रेलर से बिलासपुर की ओर से आ रहे तेजरफ्तार कंटेनर ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर से टकराने के बाद कंटेनर के केबिन के परखच्चे उड़ गए और उसमें आग लग गई। पलक झपकते ही एक जोरदार धमाका हुआ तथा कंटेनर में बैठे ड्राइवर और कंडक्टर आग में जल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टायर एक-एक कर बम की तरह फट रहे थे। धमाका इतना जबरदस्त था कि आग बुझाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई।



उधर, घटना की जानकारी मिलने पर रात के सवा दो बजे नांदघाट थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल से मात्र 200 मीटर आगे गश्त पर उसी सड़क पर थे। धमाके की आवाज सुनकर जब तक पुलिस बल पहुँचता, तब तक केबिन समेत पूरा कंटेनर आग के गोले में तब्दील हो गया था। ड्राइवर कंडक्टर दोनों जल गए थे।

पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। बेमेतरा से अग्निशमन वाहन लगभग डेढ़ घंटे देरी से पहुंचा तब कहीं जाकर आग बुझ पाई। हादसे में कंटेनर के अंदर रखी तीस स्कूटी भी जलकर राख हो गई थी। कंडक्टर विनय कुमार तिवारी पिता जगदीश तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी गबरू थाना मंगलपुर जिला कानपुर देहात और ड्राइवर अमित पिता गोरेलाल उम्र 28 साल निवासी भीखापुर उत्तर प्रदेश के थे।

### ढाबे में लगे कैमरे में रिकार्ड हो गई पूरी घटना

आग पर काबू करने में दुर्घटना सहायता मित्र मनीष शुक्ला की टीम और सहायक उप निरीक्षक रघुवीर ध्रुव प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी, योगेश यादव, आरक्षक आकाश ठाकुर, विजय लहरे, रूपेंद्र राजपूत, प्रताप यादव, मीत ढाबे के कर्मचारियों ने भरसक कोशिश की। पूरी घटना सड़क किनारे स्थित मीत ढाबे के सामने हुई और वहां के सीसीटीवी कैमरे में फुटेज भी रिकॉर्ड भी हो गई है, जिसको देखने पर हुई दुर्घटना की भयावहता का पता चलता है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों के परिजन शवों को लेने के लिए उत्तर प्रदेश से रवाना हो चुके हैं।

### कंटेनर में रखी दोपहिया में भी था पेट्रोल

बताया जा रहा है कि कंटेनर में रखी स्कूटियो में भी पेट्रोल था, जिसकी वजह से कंटेनर में भी आग लगी। आग लगने के बाद सुबह 6 बजे तक टायर एक-एक कर बम की तरह फूटते रहे। इसके कारण आसपास दहशत का माहौल था। जेसीबी की सहायता से कंटेनर को पीछे किया गया, तब कहीं जाकर मृतकों के अवशेष निकाले जा सके।

# किसान की हत्या के बाद फरार चार नाबालिग आरोपी पकड़ाए





हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नांदघाट/नवागढ़

बीते 17-18 जून की दरम्यानी रात धान बेचने भाटापारा मंडी मोटरसाइकिल से जा रहे जा रहे किसान पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने चार नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार किसान सेमरिया घाट शिवनाथ नदी पुल के ऊपर ग्राम अमलडीहा पहुंचे थे कि पीछे अमलडीहा तरफ से एक मोटरसाइकिल में चार अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने मोटरसाइकिल को किसान मोटरसाइकिल के आगे अपनी मोटरसाइकिल को खड़ी कर दुजराम को एक झापड़ मार कर लूट करने की नीयत से उसके मोबाइल एवं पर्स की लूटकर व मारपीट कर एवं महेतरू महेंद्र सिंह के पेट में धारदार वस्तु से मारकर हत्या कर चारों अज्ञात व्यक्ति भाग गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना करने वाले चार नाबालिग बालकों से पूछताछ की है। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, चाकू, लूटा गया मोबाइल, पर्स को जब्त किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा, थाना नांदघाट प्रभारी अलील चंद, चौकी प्रभारी मारो कृष्ण कुमार क्षत्री के साथ साथ थाना नांदघाट, चौकी मारो एवम भाटापारा पुलिस की भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि ग्राम हरदीडीह निवासी दूज राम जायसवाल पिता सुकुल जायसवाल अपने गांव के ही साथी महेतरु सिंह पिता मयाराम ध्रुव एवं रघुवेंद्र पिता महेतरू सिंह अपने ट्रैक्टर में 130 कट्टा धान भरवाकर पीछे-पीछे भाठापारा धान बेचने जा रहे थे। तभी रात करीब 1.30 बजे अमलडीहा पुल के पास पीछे से आ रही एक मोटर साइकिल में 04 अज्ञात युवकों ने किसानों की गाड़ी को रोकवाकर दुजराम जायसवाल से 4,500रूपए, मोबाइल फोन एवं गाड़ी की चाबी लूट ली। साथी महेतरू ध्रुव पर धारदार चाकू से हमला कर भाटापारा की ओर भाग गए। घायल युवक को तत्काल शासकीय अस्पताल भाटापारा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया था।

- आधी रात रास्ता रोककर ट्रैक्टर सवार किसान को मारा था चाकू
- 17-18 जून की दरम्यानी रात अमलडीहा के पास हुई थी वारदात

## खबर संक्षेप

### ज्योत्सना को मिली पीएचडी की उपाधि



**बेमेतरा।** शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा के प्राणी विज्ञान संकाय में अतिथि व्याख्याता सहायक प्रोफेसर के रूप में सेवारत ज्योत्सना राजपूत को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल मप्र से हुआ। शोध कार्य का विषय शिवनाथ नदी अमोरा की जैव रासायनिक संरचना और मीठे पानी की मछली लैवियो रोहिता पर औद्योगिक अपशिष्टों का प्रभाव था। शोध कार्य श्रीमति राजपूत ने डॉ. प्रज्ञा श्रीवास्तव एवं डॉ. मुकेश मेवाड़ के निर्देशन में किया। इसमें डॉ. मंगलेश कुमार जवालकर एवं डॉ. ब्रजेश सिंह का भी विशेष सहयोग रहा।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**बेमेतरा।** जिला कार्यालय कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में 28 जून अपरान्ह 4 बजे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के समिति के सभी सदस्यों एवं कार्य संपादित कर रहे ठेकेदारों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। बैठक में विभिन्न विषयों जैसे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा । 29 फरवरी 2024 के उपरांत प्राप्त आवंटन एवं किए गए भुगतान की अनुमोदन पर चर्चा । उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्यों में विवाद स्थल पर चर्चा, रोड क्रासिंग की अनुमति पर चर्चा। विद्युत संयोजन की समस्या पर चर्चा। अतिरिक्त पाइप लाइन की अनुमति पर चर्चा होगी। जल जीवन मिशन के कार्यों पर रूचि नहीं लेने वाली एजेसियों के साथ साथ समिति के अध्यक्ष सह कलेक्टर के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी ।

### शाला प्रवेशोत्सव में विधायक ने की अधिकारियों की खिंचाई

**बेमेतरा।** जिले में सत्र के प्रथम दिन 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया है। इसी कड़ी में बेमेतरा के ग्राम मटका में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होने विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणवीर शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे भी पहुंचे थे। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मंच से ही अधिकारियों को खरी खोटी सुना डाली। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कामकाज के तरीके को छोड़कर वर्तमान पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पैसे वालों के बच्चे स्वामी आत्मानंद स्कूल में कैसे भर्ती हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह गरीब परिवार के बच्चों की शिक्षा के लिए बनाया गया है। विधायक दीपेश साहू ने इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से कहा कि प्रवेश में गड़बड़ी नहीं चलेगी।

### श्री गौरैया सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल की बैठक 30 को

**लाटाबोड़।** न्यास श्री गौरैया सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल के सदस्यों की बैठक 30 जून रविवार को दोपहर 2 बजे से रखी गई है। समिति के अध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव ने बताया कि बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

# एसपी ने ली थाना एवं चौकी के सीसीटीएनएस आरक्षकों की बैठक, नये कानून पर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

1 जुलाई से लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर गुरुवार पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना एवं चौकी में कार्यरत आरक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ-साथ कानून केनवीन कानून संदर्भ में जानकारी मुहैया कराई। श्री साहू ने इस दौरान सीसीटीएनएस



अपग्रेड करने नवीन कानून के संबंध में सीसीटीएनएस में प्रथम सूचना पत्र एवं धारा विधिवत दर्ज करने से लेकर नये कानून की मुख्य धाराओं को पढ़ने एवं समझने और विवेचकगण को साक्ष्य मोबाइल से कथन विडियोग्राफी, आडियो रिकार्डिंग, जब्ती वगैरह हार्ड डिस्क में सुरक्षित रखने। साथ साथ डाटा को भी सुरक्षित रख कर साक्ष्य को न्यायालय में पेश किया जा सके। जानकारी देते हुए इस पर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर ज्योति सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ,राजेश कुमार झा उप पुलिस अधीक्षक , आरक्षक देवेन्द्र साहू, तुकाराम निषाद, बलदेव निषाद, लोकेश्वर साहू,राज आडिल,पियुष सिंह , खेमलाल निषाद, सुनील साहू, शिव यादव ,रामेष्वर पटेल एवं ओंकार निर्मलकर उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने किया डीईओ कार्यालय का घेराव





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शिक्षा की बदहाल व्यवस्था, शहर के बेसिक स्कूल में मां सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी सहित महापुरुषों की तस्वीरों का अपमान, शिक्षकों की कमी को लेकर गुरुवार कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों की तस्वीरों के अपमान के दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

शहर कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस व एनएसयूआई के बैनर तले कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में एकत्रित हुए। वहां पूर्व विधायक छाबड़ा ने कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि 6 महीने की इस भाजपा सरकार में प्रशासन पर पकड़ ढीली हो गई है। चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य या फिर खाद बीज की कमी से लेकर कानून व्यवस्था ओर बिजली की समस्या पर सरकार हर क्षेत्र में विफल हो गई है ।उन्होंने यह भी कहा आने वाले दिनों में हम भाजपा सरकार के खिलाफ बढ़ा जन आंदोलन करेंगे, सरकार की नाकामियों को उजागर करेंगे। उन्होंने बेमेतरा के शिक्षा विभाग की लापरवाही को आड़े हाथ लेते हुए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबारी करते हुए रैली की शक्ल में घेराव करने निकले। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरीकेट्स लगाकर रोकने का प्रयास किए पर कांग्रेस कार्यकर्ता बैरीकेट्स को लांघकर जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव कर दिया। वहां महापुरुषों के अपमान को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तथा संस्था प्रमुख के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू , लुकेश वर्मा , जोगेंद्र छाबड़ा ,ललित


▸▸| शेष पेज 13 पर


- अव्यवस्था और महापुरुषों की तस्वीर के अपमान का लगाया आरोप

### आत्मानंद, बेसिक स्कूल का शेड छतिग्रस्त, 20 दिन बाद भी मरम्मत नहीं

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने कहा कि बेमेतरा में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। आत्मानंद हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय और सीनियर बेसिक स्कूल का शेड छतिग्रस्त हुए 20 दिन से ऊपर हो गया पर उसकी मरम्मत नहीं की गई जिसके कारण छात्र छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं, जिस तरह से देवियों और महापुरुषों की फोटो 15 दिन तक जमीन पर पड़ी रही और शिक्षा विभाग ने इसकी सुध भी नहीं ली ,पूरे जिले में स्कूल में शिक्षकों की कमी है। इन अव्यवस्थाओं के खिलाफ आज आंदोलन किया गया तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही महापुरूषों की फोटो को सम्मान पूर्वक अनुविभागीय अधिकारी को सौंप दिया गया।

# मुरकी के हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/दाढ़ी

ग्राम पंचायत मुरकी में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत मुरकी के हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता क्षमता कुमार बंजारे रहे, जिन्होंने हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण किया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद नवीन राशन कार्ड का नवीनीकरण का काम कराया गया। इस मौके पर भाजपा नेता क्षमता बंजारे ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने राशन कार्ड के हितग्राहियों के लिए 5 साल तक राशन निशुल्क कर दिया है। प्रधानमंत्री की गारंटी धीरे-धीरे पूरी हो रही है।

छत्तीसगढ़ की माता बहनों का इसका सीधा लाभ मिल रहा है प्रधानमंत्री की एक और गारंटी पूरी हुई। महतारी वंदना योजना के तहत 1000 हर महीने पाकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। छत्तीसगढ़ की विष्णु सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की सभी योजनाओं बारी-बारी से पूरी होती दिखाई दे रही है। कार्यक्रम में सरपंच बबीता केवट सचिव रोहित साहू पवन केवट टीकम बंजारे सुभाष जवाहर कोसले चंद्रशेखर कुर्रे सुरेश कुर्रे उपस्थित रहे ।

### राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार के लिए आवेदन अब दें सकेंगे 10 जुलाई तक

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नकद राशि, प्रेरणा निधि, डाइट मनी वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु पात्रता रखने वाले खिलाड़ियों / प्रशिक्षकों/ निर्णायकों से 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। चालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा तिथि में वृद्धि करते हुए 10 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित करने पत्र जारी किया हैं । संचालनालय में राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षों के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## पीएम श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला उघरा में मना प्रवेश उत्सव

# स्कूल पहुंचे बच्चों को लगाया टीका, खिलाई मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पीएम श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला उघरा विकासखंड बेमेतरा में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि रीना मिथलेश वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा थीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता रीना साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य ने की।

विशेष अतिथि पार्वती मोहन वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत डूंडा, जकलू सिंह वर्मा, गोपाल सिंह वर्मा, मोहन सिंह वर्मा पंच एवं सदस्य जन भागीदारी शाला विकास प्रबंध समिति, भारत यादव अध्यक्ष शाला विकास प्रबंध समिति, धनेश्वरी करभल प्रधान पाठिका एवं गांव के गणमान्य नागरिक कमल वर्मा, सदस्य, परदेशी यादव पंच, जगन्नाथ साहू,





अर्जुन यादव, विदेशी निषाद, मथुरा साहू, सुक्रिता यादव, धनेश्वरी पाठक शिव प्रसाद निषाद, शिक्षिका टुकेश्वरी राजपूत, शाला की शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे, शिक्षक महेश कुमार वर्मा एवं गांव के वरिष्ठ जन, ग्राम कोटवार झुम्मन दास मानिकपुरी, शाला की रसोइया, शाला की सफाई कर्मचारी, श्रवण गंधर्व आदि लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा सर्व प्रथम राज्य गीत अरपा पैरी के धार, सरस्वती वंदना, गीत, संगीत, कविता, का प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा गुलाल का टीका लगाकर, मिठाई खिलाई गई।

### गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरित

प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों को शाला गणवेश, पाठ्य पुस्तक भी अतिथियों के हाथों से वितरण किया गया। सभी अतिथियों के द्वारा शाला की वा शाला में हो रहे गतिविधियों की भूरी भूरी प्रशंसा की और शाला को हमेशा अपनी बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। पूरे कार्यक्रम का संचालन शाला के शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे के द्वारा किया गया। धनेश्वरी पाठक द्वारा न्योता भोजन में खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस तरह शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

# किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर दिए जाएंगे सुगंधित धान बीज

**गुरूर।** कृषि विभाग गुरुर में बीज ग्रामीण योजना अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर सुगंधित धान बीज उपलब्ध है। क्षेत्र के किसानों के लिए शासन द्वारा यह बीज दी जा रही है। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बीज ग्रामीण योजना अंतर्गत सुगंधित धान देवभोग एवं कोदो बीज उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि कोदो बीज का मूल्य 72 रुपए किलो एवं धान बीज देवभोग 46 रुपए किलो है, जो 50 प्रतिशत अनुदान के तहत किसानों को प्रदान की जाएगी।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# धीमी गति से निपटाए जा रहे राजस्व के प्रकरण, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आचार संहिता खत्म हुए 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन जिले के कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी प्रकरणों को निपटाने की कार्यवाही पहले की तरह धीमी गति से ही चल रही है। इसके कारण जिलेभर में राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा अभी भी 9 हजार के करीब है। 20 दिन पहले यह आंकड़ा लगभग दस हजार के करीब था।

हरिभूमि सरोकार

इस तरह 20 दिन में मात्र लगभग एक हजार प्रकरण ही निपटाए गए हैं। इससे पता चलता है कि राजस्व प्रकरणों को निपटाने में विभागीय अधिकारी व तहसीलदार कितनी रुचि ले रहे हैं। इधर कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में धीमी गति से निपटाए जा रहे प्रकरणों को लेकर आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है, जिसके कारण उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

## कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालय में 9 हजार प्रकरण पेंडिंग

### तहसील में हर रोज लग रही भीड़

तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी प्रकरणों से लेकर जाति, आय और मूल निवास बनाने के लिए हर दिन लोगों की भीड़ लग रही है। बुधवार को भी तहसील कार्यालय में खासी भीड़ रही। इस दौरान दतरेंगा गांव से आए दो युवकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उनकी जमीन का नक्शा बनाने में पटवारी से त्रुटि हो गई है, जिसे लेकर वह पिछले कई दिन से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इस दौरान एक युवक ने बताया कि उसने मूल निवास प्रमाणपत्र के लिए 15 दिन पहले आवेदन किया था, जिसकी पड़ताल करने पहुंचा है, लेकिन उन्हें दो दिन बाद आने के लिए कहा गया है।



### जाति, मूल निवास व आय प्रमाणपत्र के लिए भी चक्कर काट रहे युवा

तहसील कार्यालय में नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, बटांकन, नक्शा-ऑनलाइन रिकार्ड में सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को लेकर लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं, वहीं युवा वर्ग भी जाति, मूल निवास व आय प्रमाणपत्र बनवाने के लिए हर दिन तहसील कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिन्हें एक निश्चित तारीख दी जाती है, लेकिन इस तारीख के बाद भी उन्हें कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### 8877 प्रकरण न्यायालय में लंबित

जिले के राजस्व संबंधी 8877 प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं। इन प्रकरणों में ऐसे कई प्रकरण हैं, जिनकी सुनवाई पिछले करीब तीन महीने से नहीं हो पाई है। आचार संहिता के कारण पहले इन प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही थी और अब तहसीलदारों के कछुए गति से काम करने के कारण लंबित प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पा रही है। लंबित प्रकरणों में कई प्रकरणों को 5 साल से ज्यादा हो चुके हैं, जिन्हें अब तक निपटाया नहीं गया है। हालांकि इन प्रकरणों को लेकर अधिकारियों का कहना है कि वे सभी विवादित हैं। इनमें किसी प्रकरण में कोई एक पक्ष नहीं आता है, तो किसी में दूसरा पक्ष। कुछ प्रकरण में तो दोनों पक्षों के लोग पेशी में नहीं आते हैं। इसके कारण प्रकरणों का निपटान नहीं हो पा रहा है।

## बैज के बयान पर श्रीवास्तव ने किया कटाक्ष

# ताकझांक के राजनीतिक मनोरोग ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को रसातल में पहुंचा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस के नेता विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार पर आत्मचिंतन करने के बजाय आज भी दूसरों के आंगन में ताकझांक की आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के ताजा बयान पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, इसी राजनीतिक मनोरोग ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को रसातल में पहुंचा दिया है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग बिना झूठ बोले और लोगों को बिना भ्रमित किए राजनीति करना ही नहीं जानते। प्रदेश की जनता अब कांग्रेस के राजनीतिक झूठ और झांसों में कतई नहीं आ रही है। राजनीतिक तोड़फोड़ जिस कांग्रेस का कलंकित इतिहास रहा है, उसको अब यह सहन नहीं हो रहा है। कांग्रेस में दिन-रात राजनीतिक धमाचौकड़ी और घमासान देखने के आदी हो चले उनके नेता भाजपा के अनुशासन और पार्टी नेतृत्व के राजनीतिक निर्णयों को विनम्रता से स्वीकार करने की राजनीतिक विशिष्टता से हैरान हैं।

### बैज खुद दूध से निकाल फेंकी गई मक्खी न बन जाएं

उन्होंने कहा, अपने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को दूध से मक्खी की तरह निकाल फेंकना कांग्रेस की राजनीतिक विकृति होगी, भाजपा की नहीं। दीपक बैज अपनी कांग्रेस की राजनीतिक दरिद्रता जैसी बीमारी भाजपा में ढूंढ़ने में क्यों वक्त जाया कर रहे हैं, यह समझ से परे है। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। बैज पहले कांग्रेस के अंतर्संघर्ष को दूर कर लें, क्योंकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुगाहट का शोर सुनाई दे रहा है, कहीं बैज खुद दूध से निकाल फेंकी गई मक्खी न बन जाएं।





### बैज बोले- बृजमोहन को दूध में गिरी मक्खी की तरह बाहर कर दिया

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर में उपचुनाव की चर्चाओं को लेकर कहा, जल्द ही रायपुर दक्षिण में उप चुनाव होगा। हमें उसकी भी तैयारी करनी है। दावेदारों के आवेदन अभी से आ रहे हैं। कई नए दावेदार भी सामने आ रहे हैं। वहीं बृजमोहन अग्रवाल की नाराजगी से कांग्रेस को फायदा मिलने के सवाल पर बैज ने कहा, वह पार्टी के सीनियर नेता हैं। उनको दूध में गिरी मक्खी की तरह बीजेपी ने निकाल कर बाहर कर दिया है। बृजमोहन खुद नहीं चाहते थे विधायक और मंत्री पद से इस्तीफा दें, उन्होंने बेमन से इस्तीफा दिया। बीजेपी में इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। उसका फायदा जरूर ही कांग्रेस पार्टी को मिलेगा।

### दक्षिण उपचुनाव की तैयारी, दावेदारों के आवेदन आ रहे

कांग्रेस के दावेदारों को लेकर दीपक बैज ने कहा, हम सभी सीनियर नेताओं के साथ बैठेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। अभी तक कुछ दावेदार ही आए हैं, अभी तो आवेदन आना बाकी है, जो मजबूत प्रत्याशी होंगे, उसे मैदान पर उतारेंगे। चुनाव की तैयारियों को लेकर जल्द ही हम कार्यकर्ताओं की बैठक भी रखेंगे। समीक्षा बैठक की तैयारी कर रहे हैं, उसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। कांग्रेस में बदलाव की चर्चा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोइली कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी इसी महीने प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। उसके बाद ही पार्टी की रणनीति आगे बढ़ाएंगे। समीक्षा के लिए हम तैयारी कर रहे हैं।

## रविवि का नया रिकॉर्ड

# एमएससी गणित प्रथम वर्ष में 3% व अंतिम वर्ष में 6%उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ थम नहीं रहा खराब परीक्षा परिणामों का सिलसिला, बुधवार को घोषित हुए नतीजे

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में इस बार खराब परीक्षा परिणाम का रिकॉर्ड बनाने होड़ मची हुई है। बुधवार को रविवि ने एमएससी मैथमैटिक्स के प्रथम व अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा की। दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच पाया है।

एमएससी प्रथम वर्ष में जहां सिर्फ 3.45 प्रतिशत छात्र ही सफल हो सके हैं तो वहीं अंतिम वर्ष में 5.56 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है। प्रथम वर्ष की परीक्षा में 116 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 4 ही उत्तीर्ण रहे। शेष 112 छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। शामिल परीक्षार्थियों के अलावा 89 छात्र ऐसे रहे हैं, जिन्होंने परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन तो किया, लेकिन परीक्षा नहीं दिलाई। अंतिम वर्ष के परिणाम प्रथम वर्ष की तुलना में थोड़े बेहतर रहे हैं। एमएससी अंतिम परीक्षा में 108 छात्र शामिल हुए। इनमें से सिर्फ 6 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 102 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 34 छात्रों ने फॉर्म तो भरा, लेकिन परीक्षा दिलाने नहीं पहुंचे। रविवि ने दोनों कक्षाओं के नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जहां छात्र अपने नतीजे देख सकते हैं।

### राजनीति विज्ञान में 55 प्रतिशत उत्तीर्ण

रविवि ने एमए राजनीति विज्ञान के परीक्षा परिणामों की भी घोषणा बुधवार को की। 2 हजार 312 छात्रों ने यह परीक्षा दिलाई थी। इनमें से 1,274 ही परीक्षा में उत्तीर्ण हो सके हैं। जबकि 1035 को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 3 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। 205 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए। इस तरह परीक्षा परिणाम 55.1 प्रतिशत रहा है। शास्त्री विषय की परीक्षा में 49 छात्र शामिल हुए। इनमें से 15 उत्तीर्णा, 22 अनुत्तीर्ण व 10 पूरक श्रेणी में रहे हैं। दो छात्र के परिणाम रोके गए हैं तथा एक छात्र अनुपस्थित रहा। परिणाम 30.61 प्रतिशत रहे।

# कम नहीं होगा रेल यात्रियों का टेंशन, लंबी दूरी की 14 ट्रेनें कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों का टेंशन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लंबी दूरी की 14 ट्रेनें आने वाले दिनों में कैंसिल कर दी गई हैं। रेल प्रशासन द्वारा खड़गपुर रेल मंडल के सांकराईल-सांतरागाछी लिंक लाइन को आन्दुल स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसकी वजह से 29 जून से 8 जुलाई तक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

■ खड़गपुर रेल मंडल में 29 जून से 8 जुलाई तक ब्लाक

रेलवे क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य और सुविधा बढ़ाने के काम पूरे किए जा रहे हैं। इसकी वजह से यात्री ट्रेनें लगातार अपनी आवाजाही में पिछड़ रही हैं। एक बार फिर 29 जून से यात्रियों की समस्या बढ़ने वाली है, क्योंकि बड़ी संख्या में कई शहरों को जोड़ने वाली कई ट्रेनों का संचालन स्थगित करने का फैसला लिया गया है। जानकारी के अनुसार 4 से 6 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली वाली शालीमार एक्सप्रेस और 6 से 8 जुलाई तक शालीमार से संचालित होने वाली एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 4 से 6 जुलाई तक पुणे से हावड़ा जाने और 6 से 8 जुलाई तक हावड़ा से पुणे आने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा। 4 और 6 जुलाई को पोरबंदर से शालीमार के बीच आवाजाही करने वाली ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे। उदयपुर से शालीमार के बीच संचालित होने वाली एक्सप्रेस भी 6 और 7 जुलाई को आवाजाही नहीं करेगी। गुजरात को पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली सांतरागाछी, पोरबंदर एक्सप्रेस



का संचालन 5 और 7 जुलाई को नहीं होगा। कामाख्या से एलटीटी जाने वाली एक्सप्रेस 6 जुलाई को नहीं चलेगी इसकी वजह से 9 जुलाई को इस ट्रेन की वापसी भी नहीं होगी। 6 और आठ जुलाई को शालीमार से एलटीटी के बीच एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को निराश होना पड़ेगा।

### ये चलेगी देर से

तीस जून को पुणे-हावड़ा आजाद हिंद आधे घंटे और एक जुलाई को हावड़ा-पुणे आजाद हिंद डेढ़ घंटे विलंब से संचालित होगी। 30 जून को ओखा-शालीमार आधा और एक जुलाई को एलटीटी-शालीमार डेढ़ घंटे विलंब से स्टेशन छोड़ेगी। 5 जुलाई को एलटीटी-शालीमार ढाई घंटे और एक जुलाई को हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस एक घंटे विलंब से गंतव्य के लिए रवाना होगी।

### मनमाड़ तक चलेगी शिर्डी एक्सप्रेस

पुणे रेल मंडल के पुनतांबा-कान्हेगांव सेक्शन में नॉन इंटरलोकिंग कार्य की वजह से कल हावड़ा से साईनगर जाने वाली शिर्डी एक्सप्रेस तथा 29 जून को वापस आने वाली एक्सप्रेस मनमाड़ स्टेशन से संचालित होगी। इस ट्रेन के यात्रियों को अपने सफर की शुरुआत मनमाड़ स्टेशन से करना होगा।

# निजात अभियान से अपराध पर लग रहा अंकुश, जिला अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक में रोज छह से सात मरीज नशा छुड़ाने पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपराध की जड़ नशा है, राजधानी सहित जिले में गांजा तस्करों के बाद अन्य घातक किस्म के सूखा नशे का कारोबार करने वालों ने अपनी गहरी पैठ जमा ली है। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी संतोष सिंह शहर के साथ जिला को प्रतिबंधित मादक पदार्थ तथा सूखा नशा से मुक्त कराने नशा का कारोबार करने वालों पर अंकुश लगाने निजात अभियान चला रहे हैं। पुलिस अफसर के मुताबिक अभियान के कारण अपराध के ग्राफ में गिरावट दर्ज की गई है। खासकर महिला संबंधित तथा चाकूबाजी की घटना में लगाम लगने का पुलिस अफसर ने दावा किया है।

खास खबर

एसएसपी के मुताबिक मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही लोगों को मादक पदार्थों का अवैध कारोबार रोकने के साथ सेवन करने से बचाने जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान में सभी वर्गों द्वारा समर्थन मिलने का पुलिस अफसर ने दावा किया है। अफसर के मुताबिक मादक पदार्थों की अवैध खरीदी बिक्री पर अंकुश लगाने से महिला संबंधित अपराधों में कमी आई है। इसके साथ ही चाकूबाजी तथा हत्या की कोशिश करने के अपराध घटे हैं।

## पांच महीने में एनडीपीएस, आबकारी के साढ़े तीन हजार से ज्यादा प्रकरण दर्ज







### निजात अभियान निचली बस्तियों में

मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान की सफलता को देखते हुए पुलिस अफसर के साथ कर्मी उत्साहित हैं। इसके चलते निजात अभियान कालोनी, सार्वजनिक स्थानों के साथ शैक्षणिक संस्थानों साथ अब निचली बस्ती पहुंच गया है। पुलिस अपने अभियान में महिलाओं को भी जोड़ने लगी है। महिलाओं को अपने अभियान में जोड़कर पुलिस उन्हें अपने आसपास के रहवासी जो नशे का आदी हैं, उन्हें नशा छोड़ने प्रेरित करने प्रोत्साहित कर रही है।

### इन गंभीर किस्म के अपराधों पर अंकुश लगने का दावा

पुलिस अफसर के मुताबिक नशे के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान के कारण चाकूबाजी की घटना में 32 प्रतिशत तथा हत्या की कोशिश 22 प्रतिशत, महिला संबंधित अपराध 23 प्रतिशत, चोरी तथा मारपीट की घटना में क्रमशः छह-छह प्रतिशत की कमी आई है। साथ ही पुलिस ने जनवरी से मई के बीच साढ़े छह हजार लीटर शराब जब्ती करने के साथ ही 11 सौ किलो गांजा, हेरोइन के साथ 15 हजार नशीला टेबलेट, एमडीएम जब्त किया है।

### नियमित छह से सात मरीज पहुंच रहे


जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक के डॉक्टर अविनाश मिश्रा के मुताबिक नशा छुड़ाने नियमित छह से सात मरीज उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोग शराब के आदी हैं। इसके अलावा गोली तथा गांजा का सेवन करने वाले मरीज भी उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे।

## ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

# साय बोले- जल्द होगा कैबिनेट का विस्तार, कांग्रेस अपना घर संभाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैबिनेट में दो मंत्री पद खाली होने पर कहा, जल्द ही इसका विस्तार होगा। वहीं कांग्रेस के एक अनार सौ बीमार वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा, उनके मुंह से यह सब कहना शोभा नहीं देता। अपने घर को संभाले, अपने घर में झांक कर देखे। आज कांग्रेस की क्या दुर्गति हो गई, यह सब जान रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सक्षम है। दिल्ली से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर संवादाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई। मैंने उन्हें बताया कि किस तरह से राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने के लिए काम कर रही है। साथ ही यह भी बताया कि हम कैसे नक्सलियों के




खिलाफ लड़ रहे हैं। मैंने प्रधानमंत्री को नियाद नेलानर से गांव वालों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा, इसके अलावा मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि विकसित छत्तीसग्रह पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार हो रहा है। गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाक़ात हुई। उन्हें भी प्रदेश की स्थिति से अवगत कराया।

### लोकसभा अध्यक्ष पर परंपरा तोड़ रहा विपक्ष

मुख्यमंत्री साय ने लोकसभा अध्यक्ष के लिये एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से दावेदारी पेश किए जाने पर कहा, आज़ादी के बाद लगातार लोकसभा अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया है, लेकिन इस बार विपक्ष परंपरा को तोड़ने की बात कर रहा है। ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने बिरला को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनका पिछला पांच साल का कार्यकाल भी बहुत अच्छा रहा है। सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। अब उनको दोबारा मौका मिला है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि उनकी अध्यक्षता में लोकसभा अच्छे से चलेगी।

# मारपीट के साथ चेन लूटने की दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ मारपीट करने के साथ एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की चेन लूटने की शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने युवक की शिकायत पर केवल मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। चेन लूटने के संबंध में पुलिस ने मामले की जांच के बाद लूट की शिकायत दर्ज करने की बात कही।

■ टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व की घटना

पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ नगर निवासी गौरव गवली की शिकायत पर दो लड़कों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। गौरव ने पुलिस को बताया कि पिछले सप्ताह 16 मई को वह पचपेड़ी नाका स्थित एक ढाबा में खाने का पार्सल लेने के लिए गया था। इस दौरान दो लड़के उसे घूर कर देख रहे थे। गौरव ने पुलिस को बताया कि घूर कर देखने की बात को लेकर उन दोनों लड़कों ने उसके साथ विवाद किया।

इसके बाद उसके कपड़े फाड़कर, मारपीट करते हुए गले में पहनी तीन तोले की सोने की चेन लूटकर ले गए। गौरव ने पुलिस को घटना का सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध कराया है, फूटेज में गौरव के साथ मारपीट करने तथा कपड़ा फाड़े जाने का फूटेज आया है। साथ ही गौरव के साथ धक्का मुक्की तथा गला पकड़ने का फूटेज आया है।

## खबर संक्षेप



### ई-वे बिल वापस लेने की मांग, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर। ई-वे बिल वापस लेने और प्रताड़ना रोकने की मांग को लेकर व्यापारियों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को जीएसटी कमिश्नर रजत बंसल की अनुपस्थिति में सहायक कमिश्नर सुनील चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छोटे-छोटे ट्रांसपोर्टर, मालवाहक वाहन चालकों की परेशानी दूर करने रास्ते में वाहनों की जांच के नाम पर भयभीत किए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने राज्य में ई-वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त किए जाने का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से अफसरशाही बढ़ेगी, व्यापारी परेशान होगा और भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित करना तत्काल बंद करे। जीएसटी के नोटिस के माध्यम से जिस तरह से अधिकारी व्यापारियों को धमका रहे हैं उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और जिले के अंदर पचास हजार से अधिक के प्रत्येक बिल पर लगने वाले ई वे बिल के कानून को सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले अन्यथा व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में संतोष बाघमार, राजेश केडिया, सुरेश बाफना, नितेश अग्रवाल, शरद गुप्ता, मनोज सोनकर, मनोज पाल, रवि शर्मा, देवेंद्र पवार और राजेश त्रिवेदी शामिल थे।

### मुख्यमंत्री जनदर्शन लगाए जाने का पिछड़ा वर्ग ने किया स्वागत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रत्येक गुरुवार को जनदर्शन लगाए जाने का छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने स्वागत किया है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आमजनता का सीधा संवाद मुख्यमंत्री से होगा, निश्चित रूप से सरकार की लोकप्रियता बढ़ेगी और जनता समस्या से मुक्त होंगे। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ठंड के मौसम से पहले जनदर्शन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से हो, ठंड के मौसम आने के बाद भले ही 11 बजे कर दिया जाए। संगठन ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं अन्य मंत्रियों द्वारा जनदर्शन लगाए जाने का स्वागत किया है। स्वागत करने वालों में सोमनाथ साहू, उदय राम निषाद, रमेश देवांगन, सोहन दास मानिकपुरी, रमेश चक्रधारी, सुरेश नेताम, गोपाल वर्मा, विष्णु प्रसाद यादव, रामकुमार वर्मा, गोपाल सारथी, मुन्ना साहू, बैसाखू यादव, नरसिंह विश्वकर्मा, शारदा प्रसाद सोनकर, चंद्र भूषण कुशवाहा, संतराम कन्नौजे, राजेंद्र सिन्हा, भीम सिंहा आदि है।

### राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र होगा मजबूत

रायपुर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि देश को 10 वर्षों बाद विपक्ष का नेता मिला है। एक मजबूत लोकतंत्र के लिए जितना जरूरी सत्ता पक्ष है उतना ही जरूरी विपक्ष भी है, क्योंकि विपक्ष सरकार को आईना दिखाता है। 2024 चुनावों का जनादेश भी मजबूत विपक्ष की महत्ता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस कार्यकाल में पहली बार विपक्ष के नेता का सामना करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल को संसदीय राजनीति में 20 वर्षों का अनुभव हो चुका है जिस दौरान वे पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर लोगों की आवाज़ उठाते रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष राहुल जन सरोकारों के होंगे प्रहरी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र मजबूत हुआ। सरकार की मनमानी पर रोक लगेगी और सदन में गरीब जनता, किसान, युवा, सभी वर्गों की आवाज बुलंद होगी। संवैधानिक संस्थानों पर नियुक्ति में जो संघ समर्थित लोगों को मनमानी तरीके से बैठाया जाता था, वह अब नहीं होगा, संविधान सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार की मनमानी, तानाशाही नीतियां और जन विरोधी कानूनों के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हजारों किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके मोदी सरकार द्वारा उत्पन्न किए गए डर भय को खत्म किया है।

### उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** दुर्ग सराफा संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश सराफा संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रकाश सांखला ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेट की। इस मुलाकात के दौरान श्री सांखला ने प्रदेश सराफा व्यापार से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को सराफा संघ की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया, जिनमें व्यापारियों के लिए सुविधाओं में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती, और डिजिटलाइजेशन के माध्यम से व्यापारिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के विषय प्रमुख थे।

### चंगोराभाटा भवन में लगाया कपड़ों का मेला

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल ने श्रीकृष्णा कोचिंग द्वारा प्रयोजित 'वस्त्र-कपड़ों का मेला' नाम से एक मेगा मेले का आयोजन किया। 2500 से अधिक कपड़ों का मेला चंगोराभाटा स्थित सांस्कृतिक भवन में बुधवार को लगाया गया। जेसीआई कैपिटल के अध्यक्ष जेसी रितिक अग्रवाल ने बताया कि कपड़ों का मेला में लगभग 1500 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य वंचितों को कपड़ा उपलब्ध कराना था, जिसकी रेंज 10 रुपए से शुरू हुई, इससे जुटाई गई राशि का उपयोग शहर में पौधे लगाने में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनल छगन चौबे एवं जेएफआर पीपीपी राजेश अग्रवाल के अलावा जेसी आदित्य अग्रवाल, विक्की चंदानी, अमन अग्रवाल, फाल्गुनी पारेख, धारा विरानी की टीम शाामिल थे।

## पेज 11 का शेष

### कांग्रेस ने किया ...

विश्वकर्मा , रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,भारत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,राजा चौबे जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस ,राजू साहू जिला अध्यक्ष एन एस यू आई,अवनीश राघव , टी आर जर्नादन, रीना वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा ,रीता पांडे,पार्षद मनोज शर्मा , रश्मि मिश्रा , अखिलेश नामदेव, राम ठाकुर, रेहाना वाहिद रवानी,रानी धरम वर्मा,प्रदीप ठाकुर, प्रांजल तिवारी,टिकेंद्र परगनिहा,सुनील नामदेव, इंदरचंद जैन,गौकरण टंडन, मिथलेश वर्मा , मोनल सिन्हा ,हरीश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# सौर ऊर्जा का हर काम क्रेडा से कराएं, सरकार ने निकाला दस साल पुराना आदेश

## प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिक निगम और नगर पंचायतों के लिए आदेश जारी किया है कि नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत किए जाने वाले सौर ऊर्जा से संबंधित किसी भी प्रकार का काम सीधे न करवाकर क्रेडा के माध्यम से करवाएं। खास बात ये है कि यह आदेश जारी करने के लिए सरकार के 10 साल पुराने एक आदेश का हवाला दिया गया है।

■ क्रेडा सौर ऊर्जा क्षेत्र की नोडल एजेंसी है



### गुणवत्ता हो रही प्रभावित

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने यह निर्देश देने के साथ ही राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा 10 साल पहले जारी किए आदेश को भी निकाला है। तत्कालीन सरकार ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर, सभी जिला पंचायत सीईओ को आदेश दिया था कि सौर ऊर्जा से संबंधित काम क्रेडा के माध्यम से ही करवाएं। इस आदेश में कहा गया था कि भारत सरकार के नवीन एवं नवीनकरणीय ऊर्जा आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए क्रेडा राज्य की नोडल एजेंसी है। क्रेडा द्वारा यह ध्यान में लाया गया है कि राज्य में पारंपरिक उर्जा आधारित योजनाओं का क्रियान्वयन तथा गैर परंपरागत स्रोत आधारित उपकरण, उपस्कर का क्रय अन्य विभागों द्वारा सीधे किया जा रहा है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही भारत सरकार से प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता से वंचित होने की आशंका बनी रहती है।

राज्य में नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों में सौर ऊर्जा से संबंधित कार्य बड़ी संख्या में करवाए जा रहे हैं, लेकिन नगरीय निकाय ये काम खुद ही किसी बाहरी एजेंसी या संस्था के माध्यम से करवा रहे हैं। ऐसा करने से सरकारी एजेंसी छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय विकाय अभिकरण (क्रेडा) को काम नहीं मिल पा रहा है। अब नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे सौर ऊर्जा से संबंधित काम क्रेडा के माध्यम से ही करवाएं।

# छत्तीसगढ़ में वार्डों के परिसीमन पर कांग्रेस-भाजपा में टकराव

वार्डों की जनसंख्या एक समान और उनकी सीमाओं में पुनर्गठन से राजनीतिक नफा नुकसान का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के 184 नगरीय निकायों के वार्डों का नए सिरे से परिसीमन शुरू हो गया है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर नए सिरे से वार्डों का परिसीमन कराने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य में 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका परिषद और 122 नगर पंचायत कुल 184 नगरीय निकाय हैं। आदेश के तहत नगरीय निकाय चुनाव से पहले नगर निगम के परिसीमन का काम 24 जून से शुरू हो गया है।

■ कांग्रेस ने इसे गैर जरूरी बताया, वहीं भाजपा का कहना है त्रुटियों में इससे होगा सुधार

परिसीमन में वार्डों की दिशा, वार्डों की संख्या, एससी-एसटी जनसंख्या के आंकड़े, वार्डों का विभाजन, वार्डों का क्रमांक तथा नाम, वार्डों की सीमा, जनसंख्या संबंधी पत्रक, वार्डों के सीमा निर्धारण संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति, सुझावों का निराकरण व वार्ड विभाजन की अंतिम अधिसूचना का प्रारूप होगा। परिसीमन को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने नजर आ रहे हैं। परिसीमन में रायपुर के 70 वार्डों में जनसंख्या एक जैसी की जाएगी। 2011 की जनसंख्या के अनुसार रायपुर के 1 वार्ड में लगभग 14 हजार की आबादी होनी चाहिए, लेकिन रायपुर में अभी कई ऐसे वार्ड हैं, जहां पर आबादी कहीं कम है, तो कहीं ज्यादा है। 2011 की जनगणना के अनुसार रायपुर की आबादी इस समय करीब 10.48 लाख है। इसी को आधार मानकर हर वार्ड में करीब 14 हजार की जनसंख्या के अनुपात में वार्डों का परिसीमन होगा। इससे कई वार्डों के मतदाता इधर से उधर हो जाएंगे। पार्षदों में इसे लेकर अभी से खलबली शुरू हो गई है। शासन की ओर से परिसीमन का काम 24 जून से शुरू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी कर रहा भाजपा पार्षद दल महापौर की तरफ से उठाए जा रहे सवाल को लेकर अक्रामक है।



### परिसीमन गैर जरूरी : ढेबर



पिछले दिनों एमआईसी की बैठक में भी परिसीमन को लेकर चर्चा की गई, इसके बाद महापौर एजाज ढेबर ने परिसीमन के कार्य को गैर उपयोगी बताया। उन्होंने कहा, साल 2011 को आधार बनाकर साल 2019 में वार्डों का परिसीमन किया गया था, तो अब साल 2024 में इस आधार पर एक बार फिर वार्डों का परिसीमन क्यों किया जा रहा है। वार्डों का परिसीमन 10 साल बाद होना चाहिए, जबकि निगम में वार्डों का परिसीमन पुरानी जनगणना के हिसाब से 5 साल पहले किया गया था। जनगणना अभी भी नहीं हुई है, फिर किस आधार पर शासन परिसीमन की बात कर रहा। रायपुर नगर निगम के न तो वार्ड बढ़ रहे हैं और न ही इसे महा नगर पालिका घोषित किया जा रहा है। अगर ये दो होते, तो परिसीमन जायज रहता, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है।

### भाजपा ने उठाए सवाल

रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है कि कुछ वार्ड ऐसे हैं, जहां जनसंख्या अधिक है। कुछ वार्ड में जनसंख्या कम है। जो भी जनप्रतिनिधि चुनकर आते हैं, वह चाहे फिर भाजपा या कांग्रेस के हों, उन्हें काम करने में दिक्कत होती है। महापौर का परिसीमन का विरोध करना समझ से परे है। यह स्वयं महापौर को संदेह के घेरे में डाल रहा है। आखिर वे परिसीमन से पीछे क्यों भाग रहे हैं? परिसीमन की प्रक्रिया शुरूपरिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, इसके अनुसार 24 जून से 8 जुलाई तक वार्डों के विस्तार का काम होगा। 9 से 15 जुलाई के बीच परिसीमन कार्य का प्रकाशन किया जाएगा। 18 जुलाई को आपत्ति-सुझाव मंगाया जाएगा। वार्डों में जनसंख्या 14 हजार के आसपास करने की कवायद हो रही है।

### बदलेगा राजनीतिक समीकरण

बताया जाता है कि विवाद का एक प्रमुख कारण यह है कि नगर निगम के वार्डों का नए सिरे से परिसीमन की स्थिति में हर एक वार्ड का राजनीतिक समीकरण बदला नजर आएगा। वर्तमान पार्षद के अलावा पार्षद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी नए सिरे से संभावनाएं तलाशनी होगी। साथ ही राजनीतिक समीकरण भी उसी अंदाज में बिठाना होगा।

# पीएम गति शक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का आदेश, जियो टैग के साथ करना होगा अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के सभी नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का आदेश जारी किया गया है। राज्य स्तरीय ब्रॉड बैंड समिति की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए गए थे। खास बात ये है कि निकायों को सात दिनों के अंदर निकाय क्षेत्र में यह डाटा जुटाना है। इसमें स्ट्रीट लाइट, बस शेल्टर, रोड, एसएलआरएम सेंटर, ओवर हैड टैंक, कम्यूनिटी टायलेट, पब्लिक टायलेट, वाटर एटीएम और सब्जी मार्केट की जानकारी देनी है, वह भी जियो टैग के साथ।

### सात दिनों में जुटाना है डाटा

माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का जो काम नगरीय निकायों को सात दिनों में करने कहा गया है, वह आसान तो बिल्कुल नहीं है। यह इसलिए की निकाय वार ये जानकारी देना है। इसमें स्ट्रीट लाइट के संबंध में जो जानकारी मांगी गई है। उसमें संभाग का नाम, जिले का नाम, निकाय का नाम, पोल नंबर, पोल का स्वामित्व निकाय सीएसईबी या पीडब्लुडी या अन्य की जानकारी देनी है। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट का प्रकार, सिंगल, ओवरहैंग, डबल ओवर हैंग, पोल का स्ट्रक्चर आरसीसी, स्टील, ट्यूबलर या अन्य की जानकारी लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ देनी है। इसी प्रकार सड़क की जानकारी में बताना है कि रोड या सड़क का नाम, रोड का प्रकार, रोज का प्रारंभिक लोकेशन स्टार्टिंग प्वाइंट, रोड का अंतिम लोकेशन सड़क की लंबाई और चौड़ाई मीटर में तथा लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ जानकारी देनी है। बस शेल्टर के संबंध में बताना है बस शेल्टर का नाम, बस शेल्टर एरिया का क्षेत्रफल मीटर में, बस शेल्टर का पता, तथा लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ जानकारी देनी है। नगरीय निकायों के ये भी डाटा देना है कि उनके क्षेत्र में काम्पेलक्स कितने है। काम्पलेक्स का नाम और पता वह भी लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ। निकायों को ये भी बताना होगा कि उनके निकाय क्षेत्र में कितने उद्यान है, उद्यान का पता क्या है। सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय की जानकारी में बताना है कि कितने सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय हैं। इसी क्रम में सब्जी मार्केट की जानकारी देनी है कि कितने सब्जी मार्केट हैं। उनका पता क्या है। निकायों को ये भी बताना होगा कि उनके क्षेत्र में कितने वाटर एटीएम लगे हैं उनका पता क्या है।

# लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा करने आज से पांच दिन के दौरे पर रहेंगे मोइली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार की समीक्षा करने कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर गठित एक कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली 28 जून से राज्य के पांच दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे पांच दिन राज्य के रायपुर, बिलासपुर, कांकेर का दौरा कर हार के कारणों को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और लोकसभा के प्रत्याशियों से चर्चा करेंगे। अंत में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर अंतिम रिपोर्ट तैयार करेंगे।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की समीक्षा करने एआईसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली 28 जून को रायपुर पहुंचेंगे। इस दौरान लोकसभा चुनाव के नतीजों पर मंथन किया जाएगा। समीक्षा पर कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर एआईसीसी को सौंपेगी। उसके आधार पर प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल हो सकता है। बताया जाता है कि रायपुर और दुर्ग संभाग की लोकसभा सीट की बैठक लेंगे। बस्तर संभाग की दो सीटों के लिए कांकेर और बिलासपुर और सरगुजा संभाग की लोकसभा सीटों पर चर्चा करेंगे। संभागवार नेताओं के साथ हार के कारणों की समीक्षा करेंगे।

संभाग वार समीक्षा कर रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपेंगे



### 28 जून को आएंगे, 1 जुलाई को लौटेंगे

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली 28 जून को 11:55 बजे बेंगलुरु एयरपोर्ट से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। दोपहर 1:30 बजे राजीव भवन रायपुर में बैठक लेंगे। 29 जून सुबह 9 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। सुबह 11 बजे बिलासपुर कांग्रेस भवन में बैठक लेंगे। 30 जून को सुबह 8 बजे बिलासपुर से कांकेर के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे राजीव भवन कांकेर में बैठक लेंगे। 1 जुलाई को सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में बैठक लेंगे एवं रात्रि 7:55 बजे नियमित विमान से रायपुर से बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे।

# साय बोले- संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने लगाया था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना फिर से शुरू कर दिया गया है और पिछले पांच वर्षों की रोकी गई सम्मान निधि की राशि सेनानियों को एकमुश्त दी जा चुकी है। पिछली सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। आपातकाल को देश पर थोपकर लोकतंत्र को कुचला गया था।

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) के सम्मान समारोह में उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्व. बलीराम कश्यप और स्व. नरहरि साय सहित अनेक सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री को चांदी का



मुकुट और गजमाला पहनाकर सम्मान निधि पुनः प्रारंभ करने और पिछले पांच वर्षों की राशि देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### लोकतंत्र सेनानियों का त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता

मुख्यमंत्री ने कहा, आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने काफी कष्ट उठाया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए। जहां उनके साथ बर्बरता की गई। उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया। इसी की याद में 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

### उनका यह अभियान वंदनीय

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, लोकतंत्र सेनानियों ने बड़े कष्ट सहे। जो जेल गए उन्होंने जेल में और उनके परिवारों ने जेल के बाहर यातनाएं सही। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, लोकतंत्र सेनानियों ने घर का अमन-चैन त्यागकर लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी। उनका यह अभियान वंदनीय है। मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा, लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों को याद रखने की जरूरत है।

### ये थे मौजूद

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखन लाल देवांगन, ओपी चौधरी, विधायक पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, रामप्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## प्रदेश के 97 प्रतिशत कर्मियों को मिलेगा ओपीएस

# ओपीएस का विकल्प चुनने वालों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक जिन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस का विकल्प चुना था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। जानकार सूत्रों के अनुसार ऐसे कर्मचारी अधिकारी जो रिटायरमेंट के करीब हैं, उनके प्रकरण ओपीएस के लिए बनने शुरू हो गए हैं।

खास बात ये है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने ओपीएस लागू करने के बाद कर्मियों को ओपीएस या एनपीएस (नई पेंशन योजना) में से किसी एक का विकल्प चुनने कहा था। राज्य के 97 प्रतिशत अधिकारियों कर्मचारियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था।



### पेंशन योजना को लेकर था संशय

राज्य में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद इस बात को लेकर संशय बना था कि राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू होगी या नहीं। या पिछली सरकार का निर्णय बदलकर फिर से नई पेंशन योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने इस मामले में पिछली सरकार के निर्णय और कर्मियों द्वारा चुने गए विकल्प को ही मान्य किया है। इस तरह राज्य में ओपीएस का विकल्प चुनने वाले 97 प्रतिशत कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ ही मिलेगा यह तय है।

### ये है मामला

दरअसल पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना(ओपीएस) लागू करने का निर्णय लिया था। लेकिन इसके साथ ही सरकार ने यह तय किया था कि वह इस निर्णय पर अपने अधिकारियों कर्मचारियों की राय को तवज्जो देगी। इसके लिए सरकार ने कर्मियों के सामने दोनों पेंशन योजना के विकल्प रखे थे। 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस तथा तीन प्रतिशत ने एनपीएस का विकल्प चुना था। इसके साथ ही तय हो गया था कि राज्य के शासकीय सेवकों को ओपीएस का लाभ मिलेगा।

### एनएसडीएस लें, रकम की वापसी भी

प्रदेश के शासकीय कर्मी जो एनपीएस के सदस्य थे, उनके अंशदान की राशि एनएसडीएल संस्था में जमा होती थी। पिछली सरकार ने जब ओपीएस लागू करने का निर्णय लिया तभी एनएसडीएल के पास जमा राज्य के कर्मियों के 17 हजार 200 करोड़ रुपए वापस मांगे गए थे, लेकिन तत्कालीन केंद्र सरकार ने यह राशि देने से इनकार किया था। यह कहा गया था कि यह राशि वापस देने का कोई प्रावधान नहीं है। अब जबकि राज्य के शासकीय सेवको ने ओपीएस का विकल्प भरा तभी ये शर्त रखी गई थी, उन्हें एनएसडीएल में जमा राशि वापस लाकर राज्य सरकार को देनी है। बताया गया है कि रिटायर होने वाले कर्मियों की यह राशि अब एनएसडीएल राज्य सरकार के पास जमा करवा रहा है। अब राज्य सरकार यह राशि अपने कोष में जमा करके ओपीएस के प्रावधान के अनुरूप कदम उठाएगी। यह जानकारी भी मिली है कि रिटायर होने वाले ही नहीं, बल्कि नई भर्ती के शासकीय सेवकों को भी उनका सेवाकाल दस साल होने के बाद ओपीएस में शामिल किया जाएगा। राज्य में करीब तीन हजार कर्मी ही ऐसे हैं जो रिटायरमेंट के करीब थे, उन्होंने एनपीएस चुना था, इसी योजना के हिसाब से वे उनके लिए प्रावधान लागू होंगे।

### गंदगी फैलाने के मामले में 24 दुकानदारों पर कार्रवाई, वसूला जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को रेलवे स्टेशन चौक से लेकर फाफाडीह चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकानों के सामने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 24 दुकानों के सामने गंदगी फैली मिली। टीम ने सभी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 21 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।



## खबर संक्षेप

### मोटर पंप चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** मोटर पंप चोरी मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। युवको से पुलिस ने पंप व जला केबल जब्त किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि लवकुश नगर वार्ड 13 जामुल निवासी रमाकांत भारती ने शिकायत किया है कि 23 जून को पीएम आवास, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के बाजू में खम्हरिया स्मृति नगर से अज्ञात चोर पंप ,केबल 200 मीटर चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना मिलने पर संदेही ग्राम खपरी साहू पारा चौकी जेवरा सिरसा मानस साहू ,खम्हरिया भाठा चिखली रोड चौकी प्रमोद निषाद, ग्राम खपरी त्रिलोक विश्वकर्मा को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

### युवक पर प्राणघातक हमला

**भिलाई।** पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों ने मिलकर चाकू से प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 53 बत्तीस एकड़ हाऊसिंग बोर्ड निवासी बाबी सोनी नारायण स्टील कंपनी फौजी नगर में काम करता है। घासीदास नगर निवासी मुकेश यादव शिकायतकर्ता का दोस्त है। 24 जून को मुकेश का सोहेल खान उर्फ खलनायक, यश पाण्डेय उर्फ मशान, जानसन के साथ विवाद हो गया। दूसरे दिन 25 जून की रात घासीदास नगर मैदान के पास दोस्त रंजीत यादव, कृष्णा चौधरी, मुकेश यादव साथ शिकायतकर्ता खड़ा था। इस दौरान आरोपी सोहेल खान उर्फ खलनायक, यश पाण्डेय उर्फ मशान,जानसन तीनो चाकू लेकर पहुचे। गाली गलौज कर मुकेश यादव पर चाकू से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। मुकेश यादव के पेट, बांये पैर, पीठ में चोंट आई है। दोस्त रंजीत, कृष्णा बीच-बचाव किया गया। घायल अवस्था में मुकेश को अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया।

### दादी-पोती हत्याकांड में अब नार्को टेस्ट

**भिलाई।** गनियारी हत्याकांड को तीन माह बीत गए लेकिन आरोपियों को पुलिस नहीं पहुच पाई है। आरोपियों तक पहुचने पुलिस ने नार्को टेस्ट कराने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए पुलिस ने कोर्ट से अनुमति भी ले ली है। जल्द ही पुलिस टेस्ट कराएगी। मिली जानकारी के मुताबिक 62 वर्षीय राजबती और 17 वर्षीय सविता साहू हत्याकांड में पुलिस आरोपियों तक पहुचने के लिए नार्को टेस्ट कराएगी। खुडमुडा हत्याकांड के बाद दूसरी बार जिले में नार्को टेस्ट किया जाएगा। पुलिस के पास राजबती, सविता के हत्या मामले में पुलिस के पास संदिग्धों की लंबी लिस्ट है। पूछताछ में भी कोई खास सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। अब इनका नार्को टेस्ट से आरोपी तक पहुचने में पुलिस आगे बढ़ रही है। यह टेस्ट जुलाई में किया जाना है। जिसकी पूरी तैयारी पुलिस ने कर लिया है। पुलिस आरोपियों के करीब पहुच चुकी है लेकिन उनके खिलाफ सुराग नहीं मिलने से पुलिस के हाथ खाली है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि टीम सभी संदेहियों का लिस्ट तैयार कर इस टेस्ट को कराएगी।

### शासकीय प्राथमिक शाला बोरीद में मना प्रवेश उत्सव

**कुसुमकसा।** शासकीय प्राथमिक शाला बोरीद में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। नव प्रवेशी बच्चों को पाठय पुस्तक और गणवेश वितरण किया गया और खीर पूरी खिलाई गई। शिक्षकों व शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने बच्चों को अच्छी तरह पढ़ाई कर अपना व अपने स्कूल व परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र गुजरा के संकुल समन्वयक गौकरण ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला बोरीद के सहायक शिक्षक पूजा गंधर्व और विजय कुमार पोटाई व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीवन लाल रावटे, उपाध्यक्ष बुधारू राम यादव, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शिशुपाल यादव, पालक टेमन लाल, भेनबती, रेखा बाई, देवेंद्र यादव उपस्थित थे।

**आयोजन :** शासकीय विद्यालय घिवरी में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

# शिक्षा से होता है व्यक्तित्व व नैतिक मूल्यों का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम घिवरी के सरपंच ओमप्रकाश कश्यप, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गंगाराम कश्यप, प्रधान पाठक पंचराम साहू, पालक गण, शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना, तिलक गुलाल से किया गया। तत्पश्चात शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गंगाराम कश्यप द्वारा मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया साथ ही गंगाराम कश्यप ने अपने विचारों को विद्यार्थियों के मध्य रखतें हुए उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा और शिक्षक, पालक की क्या भूमिका होती है ? बच्चों को पुस्तकों से मित्रता करनी चाहिए।

समाचार पत्रों से नई-नई जानकारी लेकर नित नई उंचाई को छूने का मार्ग पुस्तकों से सरल हो पाती है। शिक्षा हमें दुनियां को देखने व समझने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है इस प्रकार अपने विचारों को व्यक्त करते हुए उन्होंने ने नन्हें मुन्ने बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। ग्राम घिवरी के सरपंच



ओमप्रकाश कश्यप द्वारा अपने संबोधन में विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिए समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की।

बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा केवल ज्ञान प्रदान नहीं करती बल्कि हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाती है और देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाती है। पालक गण में फेरहा लोधी ने बच्चों को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा से अपने अधिकारों को जानकर हम समाज हित में कार्य कर सकते हैं। आर्थिक विकास भी होता है। विद्यालय के प्रधान पाठक पंचराम साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा से हमारे व्यक्तित्व निर्माण, निर्णय क्षमता एवं नैतिक मूल्यों का विकास होता है।

इस अवसर पर ग्राम घिवरी के सरपंच ओमप्रकाश कश्यप, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गंगाराम कश्यप, प्रधान पाठक पंचराम साहू शिक्षक लोकेश्वर दास मानिकपुरी, शिक्षिका उषा पाटकर,अनल सिंह राजपूत,पालकगण में फेरहा लोधी, राम अवतार लोधी, दिनेश पटेल,मोहन पटेल,दिलीप पटेल, सनत पाटिल,करूणा सागर लोधी, बसंत लोधी एवं अन्य पालकगण उपस्थित थे।

### बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें

शिक्षा संदेश के पश्चात शिक्षक लोकेश्वर दास मानिकपुरी एवं उषा पाटकर द्वारा विद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी और नए शैक्षणिक सत्र के लिए बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मध्य अनल सिंह राजपूत ने सभी बच्चों का गुलाल लगाकर बड़े हर्ष के साथ स्वागत किया। ग्राम सरपंच ओमप्रकाश कश्यप एवं पूर्व प्रधान पाठक गंगाराम कश्यप द्वारा विद्यार्थियों का मुंह जलेबी से मीठा कर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को शाला प्रवेश के प्रतीकस्वरूप पुस्तकें और गणवेश वितरण की गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित जनों का उत्साहपूर्वक सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया। ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे सफल बनाने के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी।



## प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में हर्षोल्लास से मना प्रवेशोत्सव

**बेरला।** शाला परिसर सण्डी के प्रांगण में इस वर्ष भी शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लासपूर्ण मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा अर्चना से हुई।

सभी नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। बच्चों को पाठ्यपुस्तक वितरित की गई। मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के संदेश का वाचन शिक्षक लोकेश कुमार साहू ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डकेश कुमार साहू एसएमसी अध्यक्ष ने बच्चों को प्राथमिक शिक्षा का महत्व बताया। प्रेमदास महिलांग प्रधान पाठक ने ज्ञान को सहेजकर रखने की बात कही। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने मिलकर न्यौता भोज में बच्चों को केला फल वितरित किया। मध्यान्ह भोजन में बच्चों ने खीर पूड़ी का भी स्वाद लिया। इस अवसर पर शिक्षक ओमनारायण साहू, मनीषा देवांगन, लोकेश साहू,नीलेश वर्मा सहित गणमान्य नागरिकों का योगदान सराहनीय रहा।

## बरगा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**बेमेतरा।** ग्राम बरगा के शासकीय प्राथमिक शाला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रवेशोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। प्रवेशोत्सव में चहल-पहल देखने को मिली। इस दौरान सरपंच श्रीमती मीना बल्लू पाल , ग्राम कोटवार ईश्वर गंधर्व, पालक प्रबंधन समिति अध्यक्ष बुद्धिसागर साहू, शिक्षक, रामनारायण पटेल, बी.लहरे, युक्ति साहू , पंच कमलेश साहू , गंगासागर तुरकाने व ग्रामीण हेमलाल साहू, गंगु गंधर्व, मोहनी यादव, इंद्राणी यादव ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। शिक्षा सत्र 2024-25 की शुभकामनाएं दी। निशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरण कर सभी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई- हायर सेकेण्डरी विद्यालय मुरता में आयोजन

## बच्चों को तिलक लगा, मिठाई खिला कर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई- हायर सेकेण्डरी विद्यालय मुरता में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवांगन नायब तहसीलदार नवागढ़ एवं विशेष अतिथि हेमंत साहू सरपंच, उपसरपंच मोहनी लोकेश साहू, हाई स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष शिव चरण साहू, पूर्व माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष चैन राम साहू, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू और जनपद सदस्य सभापति सहोद्रा हिरावन साहू, भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रिका साहू, एवं मातृ शक्ति खेमिन साहू, उर्मिला साहू ने शामिल होकर नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश



वितरण कर गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। साथ ही आंशिक न्योता भोज का आयोजन सहोद्रा हिरावन साहू जनपद सदस्य सभापति द्वारा किया गया। बच्चों को पुड़ी व मिठाई खिलाई गई। हाईस्कूल प्राचार्य नरसिंह जायसवाल, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक देवेन्द्र कुमार शर्मा, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक परमेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षक जानी मार्कण्डे, अनिल राजपूत, बीनू साहू, रानू बंजारे, प्रतिभा साहू, एवं ग्राम निवासी शत्रुघ्न साहू, नेतराम साहू , घनश्याम साहू, सुकृति साहू,मीनू साहू, बचनी साहू, मीना साहू, उपस्थित रहे।

## शासकीय विद्यालय सरदा में मना प्रवेश उत्सव

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला सहित शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सरदा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालय के शिक्षक व गृह निर्माण मंडल बेमेतरा अधिकारी हेमराव बावन्थड़े द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला कक्षा 6वीं में प्रवेश करने वाले बच्चों का स्वागत किया गया। उसके बाद सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना किया गया। कक्षा 6वीं में प्रवेश करने वाले बच्चों का तिलक लगाकर मुँह मीठा कराया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमराव बावन्थड़े द्वारा कक्षा 6वीं में प्रवेश करने वाले बच्चों को निःशुल्क ड्रेस व किताबें वितरण किया गया। इन्होंने




कहा कि अच्छी शिक्षा के लिए हमें शाला में शिक्षकों से ही अच्छी ज्ञान मिल सकता है। जिसके लिए आप सभी बच्चों को अपनी उज्ज्वल भविष्य के लिए नियमित स्कूल आना होगा। वही बौद्धिक व सर्वांगीण विकास के लिए सभी बच्चों को पढ़ाई करने बहुत जरूरी है। साथ ही सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने को प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सरदा के सभी शिक्षक गण, ग्राम के प्रधान, पालक गण एवं शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि हेमराव बावन्थड़े की उपस्थित रहे।

## बच्चों का मुंह मीठा कराकर, पुस्तक एवं गणवेश का किया वितरण

**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में सत्र 2024-25 के प्रथम दिवस में प्रवेश उत्सव का आयोजन कर बहुत ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर बच्चों व शिक्षकों ने मिलकर गुब्बारों से स्कूल व कक्षा की सजावट की। नगर उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बच्चों को पुस्तक व गणवेश वितरण किया। बच्चों को तिलक लगा, आरती उतार व गले से लगाकर शाला में आत्मीय स्वागत किया गया। नवप्रवेशी बच्चों के साथ सेल्फी ली गई। प्रधानपाठिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों को फल नमकीन और मिठाई न्योता भोजन के रूप में खिलाया गया । बच्चों को पुनः अपनी शाला में नये सत्र में पूरी ऊर्जा और लगन से शाला परिवार में आगमन पर बधाई दी गई। हमेशा की तरह इस साल भी पूरे वर्ष साथ मिलकर इस सर्वांगीण शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मैमुना सुल्ताना, वीणा रावटे, पुष्पा साहू, महेशिया निषाद और अमोउतिन साहू तथा शाला परिवार के बच्चे और पालक उपस्थित थे।




## भिंभौरी में फिर खुलेगी शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा इन दिनों सीमावर्ती भिम्भौरी क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पर बेरला या अन्य क्षेत्र के मदिरालय को विस्थापित कर भिम्भौरी में खोलने की दिशा में सुगबुगाहट तेज होने लगी है। जानकारी के मुताबिक भिम्भौरी क्षेत्र जिला के बेरला विकासखण्ड का हिस्सा होने एवं नए तहसील व नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद से यहाँ शराब दुकान के लिए प्रशासनिक गतिविधियां सक्रिय मोड पर दिखाई पड़ रही है।

> ■ ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू किए जाने की चर्चा

क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर अफसरों द्वारा बढ़ते अवैध शराब बिक्री पर लगातार कार्यवाही भी की जा रही है। किन्तु क्षेत्र के ज्यादातर गाँवो में गैरकानूनी रूप से शराब का निरन्तर बिकना व खपत होना आम बात हो गया है। लिहाज़ा अब प्रशासन को ग्रामीणों के पुराने मांग पर इन दिनों सलाह, परामर्श व राय-मशविरा लेकर विस्थापित शराब दुकान को खोलने के लिए चर्चा की जा रही है। फलतः जल्द ही भिम्भौरी क्षेत्र में शराब भट्ठी खुलने को लेकर क्षेत्र के मदिराप्रेमी प्रतीकक्षारत नज़र आ रहे है।

दरअसल बेमेतरा ज़िला मुख्यालय को राजधानी रायपुर से जोड़ने वाली मार्ग पर भिम्भौरी नगर क्षेत्र स्थित है, जो रायपुर शहर के औद्योगिक क्षेत्र से नजदीक होने के कारण यहां भी अनेक उद्योग-कारखाने होने से इंडस्ट्री एरिया का आंशिक प्रभाव नज़र आता है लेकिन इन्ही सब के बीच क्षेत्र के प्लान्ट व फैक्टरी में कार्यरत स्थानीय मज़दूरों व मद्यप्रेमियों को शराब के लिए ज़िले का निकटवर्ती बेरला मदिरालय करीब 21 किलोमीटर से ज्यादा दूर होने से भटकते हुए शराबी रायपुर के उरला-धरसीवां व दुर्ग के कुम्हारी-अहिवारा का रुख कर शराब सुविधा के लिए निर्भर रहना पड़ता है। लिहाजा अब क्षेत्र के 30-35 गाँवों में से दर्जनों गांवों में बड़ी संख्या में शराब कोचिया व तस्कर एक्टिव होकर गैरकानूनी ढंग से बेतहासा शराब बेच रहे है।

जिसमे शासन-प्रशासन को हरसाल करोड़ो रूपये के राजस्व की काफी हानि भी हो रही है। साथ ही गांवो में इस गोरखधंधे से असामाजिकता का वातावरण पनपने लगा है। जिसे देखते हुए अनेको गांवो के ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में एक शराब दुकान खोलने की मांग काफी अरसे से की जा रही है जिस पर अब प्रशासन भी मुहर लगाने की तैयारी में जुट गई है। जानकारों की माने तो इसके लिए प्रशासन द्वारा नगर भिम्भौरी एवं आसपास के गाँवो में उचित स्थल के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है, जल्द ही अन्यत्र इलाके के शराब दुकान को यहाँ खोल दिया जाएगा।

ताकि क्षेत्र में अवैधानिक रूप से शराब बिक्री पर काबू पाया जा सके। इस सम्बंध में आबकारी अधिकारी (ईओ) नितिन खंडूजा ने बताया कि भिम्भौरी की भौगोलिक, आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण को देखते हुए इलाके में एक मदिरा दुकान खोलना जरूरी है, बरसों से ग्रामीण भी लगातार मांग भी कर रहे है लिहाज़ा सालभर में किसी विस्थापित शराब भट्ठी को यहां लाकर खोले जाने पर विचार किया जा रहा है जल्द ही क्षेत्र के मदिरप्रेमियों को खुशखबरी मिलेगी। वही नगर पंचायत भिम्भौरी के सीएमओ रमेश कुमार ध्रुव ने बताया कि नगर की आबादी चार हज़ार के करीब होने से यहाँ शराब के लिए अन्य दुरस्थ स्थलों व ग़ैरकानूनी साधनों पर निर्भर रहना उचित नहीं है। इस समस्या पर जनता की लम्बे समय से मांग तो बताया जाता है, किन्तु अभी तक प्रशासन से कोई आदेश व पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

## कुरदी में 6 जुलाई को होगा जन समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक अमले का आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए जिले के अलग–अलग स्थानों में प्रत्येक माह 02 जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में शनिवार 06 जुलाई को वर्ष 2024 का पहला जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा मैदानी अमले के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके माँगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा मैदानी अमले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि आम जनता के मांगों एवं समस्याओं तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

> ■ जिले के अलग–अलग स्थानों पर हर महीने लगाए जाएंगे शिविर

